पाठ–14

# पानी



''पानी बरसा भर गए ताल।
तालों में खुश मेढक लाल।।
बादल आए करते शोर।
नाच उठे बागों में मोर।।
टर्‌टों टर्‌टों की आवाज़।
छेड़ रहे हैं मेढक साज़।।
बच्चों को जो आया ताव।
तैराई कागज़ की नाव।।
निकल पड़ी छातों की रेल।
बाज़ारों में ठेलम–ठेल।।
मोटूमल का खोया ध्यान।
फिसले गिरे हुए हैरान।।
हमसे एक हो गई भूल।
पानी में दौड़े स्कूल।।
टीचर ने दी छुट्‌टी बोल।
हम घर आए होकर गोल।।''

**रोहिताश्व अस्थाना**

1. इसके अलावा क्या आप पानी पर कोई कविता या गाना जानते हैं? कक्षा में सुनाइए।

2. **कविता में पानी के आने पर क्या–क्या होना बताया गया है?**

______________________________________________

______________________________________________

3. **जब बारिश आती है, तो आप क्या–क्या करते हैं?**

______________________________________________

______________________________________________

4. **बारिश के अलावा हमें और कहाँ–कहाँ से पानी मिलता है? नीचे कुछ जल–स्रोतों के नाम दिए गए हैं। आपके आस–पास इनमें से जो हैं उन पर सही (3) का निशान लगाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| झील | ( ) | कुआँ | ( ) | तालाब | ( ) |
| झरना | ( ) | सागर | ( ) | नदी | ( ) |
| नहर | ( ) | चापाकल | ( ) | आहर | ( ) |
| नलकूप | ( ) | नल | ( ) | पोखर | ( ) |
| पैन | ( ) | | | | |

5. **जल के कोई अन्य स्रोत हैं तो उनका नाम लिखिए।**

______________________________________________

______________________________________________


______________________________________________

6. **क्या आपके यहाँ पानी लाने घर से दूर जाना पड़ता है? पानी लाने में कितना समय लगता है?**

______________________________________________

______________________________________________

7.(i) नीचे कुछ चित्र दिए गए हैं। इनमें रंग भरिए तथा प्रत्येक के नीचे उसका नाम भी लिखिए।



(ii) आपके घर में किन–किन चीजों में पानी भरकर रखा जाता है? उनके नाम लिखिए और चित्र बनाइए।

8. **पिछले पृष्ठ पर बनाए गए चित्रों में यदि सभी बर्तनों में ऊपर तक पानी से भर दिया जाए तो–**

(i) किस बर्तन में सबसे कम पानी होगा?

______________________________________________

(ii) किस बर्तन में सबसे ज्यादा पानी होगा?

______________________________________________

(iii) यह आप कैसे कह सकते हैं?

______________________________________________

9. **चित्र में दिखाए गए तरीके से प्रयोग कीजिए एवं पता लगाकर लिखिए कि एक बाल्टी में कितने मग पानी आएगा?**

______________________________________________



10. **पानी को भरकर रखने की जरूरत क्यों पड़ती है?**

______________________________________________

______________________________________________

11. **आप पानी का उपयोग किन–किन कामों के लिए करते हैं?**

______________________________________________

______________________________________________

आपको अलग–अलग कामों के लिए दिनभर पानी की आवश्यकता होती है। नीचे उन कामों की सूची दी गई है। इनमें से सबसे ज्यादा पानी जिसमें लगता है, उसे पहले लिखिए। उसके बाद उससे कम पानी लगने वाले काम को लिखिए। इसी प्रकार सबसे कम पानी वाले काम को सबसे बाद में लिखिए।

**काम : नहाने में, पीने में, कपड़े धोने में, घर धोने में, आटा गूँधने में, खेत में पानी देने में।**

1. ______________ 2. ______________

3. ______________ 4. ______________

5. ______________ 6. ______________

**12. आप घर में पीने का पानी किस बर्तन में भरकर रखते हैं?**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**13. पीने के पानी को भरकर रखने में आप किन–किन बातों का ध्यान रखते हैं?**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**14. ऐसे चार काम लिखिए जो –**

(i) आप पानी के बिना कर सकते हैं।

______ ______ ______ ______

(ii) आप पानी के बिना नहीं कर सकते हैं।

______ ______ ______ ______

**15. नीचे दिए गए चित्रों को ध्यान से देखिए एवं चर्चा करके लिखिए –**













(i) ऊपर दिये गये चित्रों में क्या–क्या काम हो रहे हैं?

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

(ii) चित्रों में काम करने के कौन–कौन से तरीके सही हैं तथा कौन–कौन से तरीके गलत हैं, उन पर सही (3) एवं गलत (5) का निशान लगाइए।

(iii) गलत तरीकों से काम करने से हमें क्या–क्या नुकसान हो सकते हैं?

----------------------------------------------------------------

----------------------------------------------------------------

## जल संरक्षण

ऋचा और राधा दोनों सहेली हैं। ऋचा बिहार में रहती है और राधा राजस्थान में। एक बार गर्मी की छुट्टियों में ऋचा, राधा के घर गयी। ऋचा ने देखा कि राधा के गाँव के लोग पीने का पानी बहुत दूर से लाते हैं। ऋचा ने राधा के घर के आँगन में एक बड़ा गड्ढा (टैंक) भी देखा। इस पर ऋचा को बहुत अचरज हुआ। उसने राधा से पूछा कि तुम्हारे घर में गड्ढा क्यों बना हुआ है? राधा ने कहा कि इस गड्ढे में हम बरसात का पानी इकट्ठा करते हैं। फिर इसका विभिन्न कामों में उपयोग करते हैं। ऋचा ने कहा कि हमारे यहाँ भी गर्मियों में पीने के पानी की कमी हो जाती है। हम लोगों को भी पानी बचाने के लिए कुछ ऐसा ही करना चाहिए।

**16. क्या आपके घर पर बरसात के पानी को इकट्ठा किया जाता है? यदि किया जाता है तो कैसे?**

____________________________________________

**17. हम लोग पानी बचाने के लिए क्या–क्या कर सकते हैं?**

____________________________________________

____________________________________________

**18. चित्र देखकर बताइए कि एक बार में उपयोग में लाया गया पानी किस प्रकार दूसरे काम में लिया गया है?**

______________________

______________________

______________________

______________________

______________________



19. **क्या पानी का दुबारा उपयोग करने का और कोई तरीका भी हो सकता है? सोचकर बताइए।**

---

---



चित्र 'अ'



चित्र 'ब'

20. **चित्र देखिए और बताइए–**

(i) चित्र 'अ' में क्या हो रहा है?

____________________________________________

(ii) चित्र 'ब' में क्या हो रहा है?

____________________________________________

(iii) आपको दोनों में से कौन–सी बात सही लगती है और क्यों?

____________________________________________

____________________________________________